CALL@7235808541

An initiative of VISIONIAS Galaxy




# खाद्य सुरक्षा सूचकांक



## चर्चा में क्यों ?

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में राज्यों का पांचवां खाद्य सुरक्षा सूचकांक जारी किया।

## महत्वपूर्ण तथ्य



- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण-एफएसएसएआई वार्षिक मूल्यांकन के बाद यह सूचकांक जारी करता है ।
- इस सूचकांक से खाद्य सुरक्षा मानकों के आधार पर राज्यों के प्रदर्शन का आकलन किया जाता है।
- इस अवसर पर डॉक्टर मांडविया ने विजेता राज्यों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया।
- केरल, पंजाब और तमिलनाडु को बड़े राज्यों की श्रेणी में और गोवा, मणिपुर और सिक्किम को छोटे राज्यों की श्रेणी में सम्मानित किया गया।
- जम्मू और कश्मीर, चंडीगढ़ और दिल्ली को केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में पुरस्कार मिले।